कार्यालय उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–02/19/अति0–1/2016–17
प्रयागराजः दिनांकः 22जुलाई, 2019

विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (सामान्य/विशेषचयन/बैकलॉग) प्रारम्भिक परीक्षा–2016 जो दिनांक 27 नवम्बर 2016 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन तथा सामान्य हिन्दी विषय के चारों सिरीज (ए, बी, सी व डी) की प्रश्नपुस्तिकाओं की ''उत्तर कुंजी'' आयोग की वेबसाइट- **uppsc.up.nic.in** पर दिनांक 25 जुलाई, 2019 तक उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित ''उत्तर कुंजी'' को देख लें और यदि कोई विसंगति उन्हें प्रतीत होती है, तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन साक्ष्य सहित दिये गये प्रारूप पर अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन तथा सामान्य हिन्दी दोनों विषयों हेतु अलग–अलग प्रेषित करना होगा। अभ्यर्थी अपनी आपत्ति दिये गये प्रारूप पर भरकर तथा साक्ष्यों की स्कैन कॉपी (पठनीय प्रति) आयोग के ई–मेल **keyroarop16@gmail.com** पर दिनांक 26.7.2019 तक भेजना सुनिश्चित करें। उक्त ई–मेल के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेगें। प्रत्यावेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 26 जुलाई, 2019 है। उक्त तिथि के पश्चात् ई–मेल के माध्यम से प्रेषित प्रत्यावेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम.....
2–अनुकमांक.....
3–परीक्षा का नाम.....
4–विषय का नाम.....
5–प्रश्नपुस्तिका सिरीज.....

क्र0सं0	प्रश्न संख्या	आयोग का उत्तर	प्रत्यावेदक का उत्तर	साक्ष्य
1	2	3	4	5

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर.....

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक